# अवैध मैरिज गार्डनों में फिर गूंजेगी शहनाई, नियमों को ताक में रख संचालक शासन को दिखा रहें ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शादियों का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है, ऐसे में शादी के लिए मैरिज हॉल या गार्डन मिलना मुश्किल हो जाता है, लेकिन आपको बता दें कि यदि आपने शादी हॉल या गार्डन बुक करने से पहले अच्छे से उसकी पड़ताल नहीं की तो मुसीबत में फंस सकते हैं, यहां तक की वर-वधू के सात फेरों में भी खलल पड़ सकता है, इसलिए शादी हॉल या मैरिज गार्डन बुक करने से पहले उसकी पंजीकरण, फायर एनओसी व अन्य कागजात को देखना आवश्यक है।

**सरकारी अफसरों की महरबानी**

नगर निगम में तेज तर्रार कमिश्नर तपस्या परिहार की कार्यप्रणाली को देखते हुए तो ऐसा ही लग रहा है कि इस बार अवैध मैरिज गार्डनों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है। वर्षो से नगर निगम प्रशासन द्वारा वैवाहिक सीजन समाप्त होने के बाद जागता रहा है, सीजन के बाद ही अवैध मैरिज गार्डनों को दिखावे के लिए नोटस देकर अपने कर्तव्यों का पालन करते चला आ रहा है। वर्षो से बिना पंजीकरण व बिना फायर एनओसी तथा आवासीय क्षेत्रों में संचालित हो रहे अवैध मैरिज गार्डनों व वैवाहिक हॉल पर सरकारी अफसरों की महरबानी बनी रही है, लेकिन इस बार शायद निगम प्रशासन की आंख पहले ही खुलने वाली है। वर्षो से अवैध मैरिज गार्डन तमाम नियमों को ताक में रखकर प्रशासन का माखौल उड़ाते आ रहे हैं।



मध्यप्रदेश में भोपाल सहित कुछ अन्य नगर निगम प्रशासन द्वारा अवैध रुप से संचालित मैरिज हॉल एंव गार्डन पर कार्रवाई शुरु कर दी है। भवन अनुज्ञा शाखा के इंजीनियरों को अपने जोन में स्थित मैरिज हॉल और गार्डन का निरीक्षण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं साथ ही जो अवैध रुप से संचालन मैरिज गार्डन मिलते ही, उनमें तालाबंदी के निर्देश भी दिए जाने लगे हैं ऐसे में जिले की नगर निगम में भी इन अवैध मैरिज गार्डनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का अनुमान लगाया जा रहा है।

**दर्जनों मैरिज गार्डन अवैध**

बता दें कि शहर में दर्जनों ऐसे अवैध मैरिज गार्डन और शादी हॉल संचालित हो रहे हैं इनमें से 60 फीसदी के पास अनुमति ही नहीं है। बताया जा रहा है कि बिना परमिशन संचालित मैरिज गार्डनों व शादी हॉलों में तालाबंदी की भी कार्रवाही की जा सकती है, वैसे तो हर वर्ष वैवाहिक सीजन समाप्त होने के बाद ही निगम प्रशासन जागता है और हर साल 2-3 बार नोटिस भी थमाने का कार्य करता है आ रहा है पूर्व भी नगम प्रशासन द्वारा अवैध मैरिज गार्डन और शादी हॉलों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई विशेष कार्रवाही नहीं की जा सकी थी। जिससे इन अवैध मैरिज गार्डनों के संचालकों के हौसले बुलंद होते रहे हैं और बेखौफ होकर संचालित किए जाते हैं।

शहर के सभी अवैध मैरिज गार्डनों में बुकिंग करने की होड़ मची हुई है ऐसे में आम नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है कहीं इस बार अगर निगम प्रशासन की आंख वैवाहिक सीजन समाप्त होने के पहले ही खुल गई और अवैध मैरिज गार्डनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाही की जाने लगी तो ऐसे में आपके द्वारा बुकिंग किए गए वैवाहिक समारोह में खलल उत्पन्न हो सकता है। इसलिए लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यता है मैरिज गार्डल व हॉल बुक करने से पूर्व अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें कि कही आपके द्वारा बुक किया गया मैरिज गार्डन अवैध तो नहीं है। शहर के दर्जन भर अवैध मैरिज गार्डन भी एक बार फिर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए मोटी रकम कमाने की तैयारी में हैं। अवैध मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा तमाम नियमों को ताक में रखकर जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ के साथ वैवाहिक सीजन में जमकर मोटी कमाई अब तक करते रहे हैं। शहर में दर्जनों ऐसे मैरिज गार्डन व मैरिज हॉल संचालित हो रहे हैं जो बिना पंजीयन के हैं, वहां न तो पार्किंग की कोई सुविधा है और न ही नियमानुसार मानक पूरे हैं।

## खबर संक्षेप

### बोरी बंधान से रोका गया पानी, बढ़ेगा भू जल स्तर



**उमरियापान।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बहोरीबंद में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत ग्राम किरहाई पिपरिया (कुआँ), सेक्टर बचैया-03 में बोरी बंधान का कार्य किया गया। अम्हानाला-सुहार नदी स्थित हनुमान मंदिर के पास बने स्टॉप डेम में गेट न होने के कारण पानी का संचयन नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के समाधान हेतु सभी के श्रमदान से बोरी बंधान किया गया, जिससे अब पानी का बहाव नियंत्रित होकर ओवरफ्लो के माध्यम से बहने लगा है। इससे जल का संरक्षण होगा तथा जल धरातल में समाहित होकर भूजल स्तर में वृद्धि करेगा। साथ ही नदी परिसर में फैले कचरे एवं प्लास्टिक को हटाकर साफ-सफाई भी की गई।

### टॉपर विद्यार्थियों का मुँह मीठा कर दी गई बधाई



**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कूड़ा मर्दानगढ़ के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वी व 12 वी बेहतरीन परीक्षा परिणाम लाकर स्कूल का नाम गौरवन्वित किया हैं। प्राचार्या इंदु पांडेय ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वी में 98 प्रतिशत तो 12 वी में 93 प्रतिशत रहा। स्कूल मै कक्षा 10 वी में प्रथम स्थान शालिनी बैरागी 88 प्रतिशत, दूसरा स्थान नरेंद्र 88 रहा। वही 12 वी कक्षा में प्रथम स्थान अंजली बर्मन 90 प्रतिशत,दूसरा स्थान सिद्वान्त लोधी 81 प्रतिशत रहा। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया, साथ स्कूल स्टॉफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आगे ओर लगन से पढ़ाई कर अधिक अंक प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

### राहगीरों को शीतल पानी मिले, खोला गया प्याऊ

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा सेक्टर के मुरवारी गांव के बस स्टॉप पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा प्याऊ की स्थापना की गई। प्याऊ शुरू होने से ग्रामीणों और राहगीरों को शीतल पेजयल मिल रहा है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दीपू बैरागी, सचिव सुनील विश्वकर्मा,परामर्शदाता अंकित झारिया,सोनू गौतम,संतोष विश्वकर्मा,नीलेश राय,सतीश हल्दकार,सुमित उपस्थित रहे।

### रोहित का सुयश



**स्लीमनाबाद।** विलियम हैनरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 12 वी के छात्र रोहित हल्दकार ने विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। रोहित हल्दकार का कक्षा 12 वी मै परीक्षा परिणाम 91प्रतिशत रहा। उनके पिता राघवेंद्र हल्दकार व माता शशि हल्दकार के साथ साथ शिक्षकों व शुभचिंतकों ने रोहित के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### नरवाई जलाने वाले किसानों का नाम ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल में होगा चस्पा

# रोक के बावजूद नरवाई जला रहे किसान प्रशासन हुआ सख्त, होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेतों में नरवाई जलाने को लेकर सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद लोग नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा लगातार नरवाई न जालाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है बावजूद इसके लोगों पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। नरवाई जलाने से आसपास के हरे भरे पेड़ पौधे भी झुलस रहे हैं वहीं खेत की उर्वरक शक्ति भी कमजोर हो रही है। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बावजूद भी लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा सख्ती के आदेश दिए जा रहे हैं।

ढ़ीमरखेड़ा क्षेत्र के अनेकों गांवों में नरवाई बेधड़क जलाई जा रही है, जिससे न सिर्फ आस पास के पेड़ पौधों को नुकसान हो रहा है बल्कि जंगली क्षेत्र होने के कारण नरवाई की आग जंगलों को भी अपने आगोश में लेने से नहीं पीछे हटती। नरवाई की आग जंगलों में भयानक रूप ले लेती है जिससे हरे भरे पेड़ पौधो को भारी नुकसान हो रहा है।



**आयोजन के माध्यम से किसानों को दी गई नरवाई प्रबंधन की जानकारी**

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि श्रीमती अरुणिमा सेन के नेतृत्व में विकासखंड रीठी के ग्राम नयाखेड़ा में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि अभियांत्रिकी अधिकारी संदीप पीपड़ा ने बताया कि रीपर कम बाइंडर एक आधुनिक एवं अत्यंत उपयोगी कृषि यंत्र है, जो फसल को काटने और बांधने का काम एक साथ करता है तथा समय श्रम और लागत की बचत करता है। यदि फसल पककर खड़ी हो और कटाई के लिए मजदूर नहीं मिलते हों तो कई प्रकार से नुकसान होने लगता है। जैसे दाने झड़ने-गिरने लगते हैं। चूहा, गिलहरी और दीमक आदि नुकसान पहुंचाने लगते हैं। वहीं दूसरी तरफ सूखी फसल में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में रीपर कम बाइंडर एक वरदान साबित होता है।

रीपर कम बाइंडर से कटी हुई फसल की जब हम गहाई करते हैं, तो उससे जो भूसा निकलता है उसमें गेहूं की बलियों का भूसा भी रहता है, जो ऊर्जावान व स्वाद से भरपूर रहता है जिसे जानवर बहुत शौक से खाते हैं। रीपर कम से कटाई होने से खेत में बिखराव नहीं होता खेत बिल्कुल साफ रहता है। जबकि हार्वेस्टर से ऐसा नहीं है। इसमें रीपर कम बाइंडर की तुलना में अधिक बिखराव व अनाज का नुकसान होता है।

किसानों द्वारा नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और सामाजिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुये अब जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों का नाम संबंधित ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल में चस्पा किया जाये। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी आदि कृषि के सहयोगी विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये।

# दुकानों में जांच कर, कीड़े लगे काजू को कराया गया नष्ट



**राजस्व व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कटनी के नारायणशाह मार्केट स्थित दुकानों की जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा न्यू ओम टेंडर्स एवं सिद्ध किराना दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान न्यू ओम टेंडर्स में कीड़े लगे हुए लगभग पांच किलो काजू पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया और दुकान मालिक को सख्त हिदायत दी गई कि इस प्रकार की खाद्य सामग्री दुकान में विक्रय हेतु पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकान से काजू, बादाम व किशमिश के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसके बाद टीम द्वारा सिद्ध किराना की जांच की गई। दुकान में मसाले, ड्राई फ्रूट का विक्रय होना पाया गया। मिलावट की आशंका पर दुकान से खसखस, कालीमिर्च एवं अंजीर के नमूने जांच हेतु लिए गए है। जांच हेतु लिये गये सभी खाद्य पदार्थों के नमूने राज्य जांच खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बताया कि इस तरह की कार्यवाई निरंतर जारी रहेगी।

विदित हो कि अनेकों दुकानदारों द्वारा मानकों का उपयोग नहीं किया जा रहा है व खाद्य सामग्री को पॉलिथिन पैकिंग में विक्रय किया जा रहा है।

### चोरी किए आभुषण बरामद, न्यायालय में पेश, भेजा जेल

# पिता व पुत्र ने एक अन्य साथी के साथ की थी मंदिर में चोरी, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

थाना एन.के.जे. पुलिस ने मंदिर में चोरी की घटना का खुलासा कर लिया है पुलिस ने इस मामले में पिता-पुत्र की जोड़ी के साथ और एक अन्य साथी शामिल होने की बात कही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि ग्राम पडरिया निवासी जयकुमार विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मार्च की रात नवरात्रि के दौरान मंदिर में कीर्तन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद श्रद्धालु मंदिर का दरवाजा बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब वापस आए तो देखा कि मंदिर का गेट खुला था और माता रानी के चांदी के मुकुट, पायल, कटोरी, आंखें, दान पेटी और सोने के दो लॉकेट गायब थे।



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत की टीम ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई, जिसमें निम्नलिखित आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपित प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया बताया जाता है कि यह एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ कटनी, उमरिया और सिहोरा के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा गुड्डू उर्फ कृष्ण कुमार दुबे (40 वर्ष): प्रकाश का पिता (दोनों निवासी भोपाल, वर्तमान निवासी उड़यि मोहल्ला, कटनी के रहने वाले हैं इसके अलावा राहुल सोनी (38 वर्ष) निवासी उमरिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण प्रेमनगर मल्टी और उमरिया से बरामद किए हैं। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जिला जेल भेज दिया गया है।

# अवैध मदिरा के बनाने, विक्रय व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई, 14 हजार से अधिक की मदिरा हुई जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बड़ेरा, टिकरवारा, मोहन नगर, आईबीपी ढाबा, कैलवारा कलाँ बाईपास रोड में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दविश के दौरान 68 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव देशी मदिरा प्लेन, 17 बियर केन एवं 8 पाव गोवा व्हिस्की जब्त की गई।



जब्त की गई अवैध मदिरा की कीमत 14 हजार रूपये से अधिक आंकी गई। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, आंचल प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

बताया जाता है कि इन दिनों गांव गांव में अवैध शराब निर्माण के साथ साथ भारी मात्रा में क्रय व विक्रय किया जा रहा है।

### स्लीमनाबाद के लिगरी व कुसेरा में पुतरिया नाला को किया साफ

# जल संरक्षण के लिए किया गया श्रमदान, घाटों की सफाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विकासखंड बहोरीबंद में म.प्र. जन अभियान परिषद जिला कटनी द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिगरी तथा नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम लिगरी के तालाब एवं घाट की साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र एवं ग्रामीणों ने श्रमदान के माध्यम से तालाब में फैले कचरे एवं प्लास्टिक को एकत्रित कर हटाया। साथ ही घाट की साफ-सफाई की गई। समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा तालाब की मेड़ की सफाई एवं गहरीकरण कराया गया। साथ ही घाट की पुताई कर आकर्षक नारे लेखन भी किया गया। जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल जी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि तालाब ग्राम की अमूल्य धरोहर है, इसमें कचरा एवं प्लास्टिक न डालें, सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में "पानी जीवन का आधार है, इसे हम करें न बेकार" जैसे नारों के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम समापन में सुखदेव सोनी द्वारा सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच सुखचैन बाई राजपाल, ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह, रविंद्रनाथ झारिया, परामर्शदाता विनोद सिंह, सुखदेव सोनी, रणधीर सिंह, प्रहलाद कुशवाहा, छात्र द्विवेंदू यादव, वीरेंद्र सिंह परस्ते, इंद्रजीत सिंह, अभिलाष चक्रवर्ती, आनंद चौधरी, लोके चौधरी सहित अनेक ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

**उमरियापान।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर अंतर्गत कुसेरा में पुतरिया नाला का गहरीकरण एवं व्यापक साफ-सफाई कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए नाले में फैले कचरे एवं प्लास्टिक को एकत्रित कर हटाया तथा साफ-सफाई की। इसके पूर्व जेसीबी मशीन की सहायता से नाले का गहरीकरण कार्य भी कराया गया, जिससे जल संचयन क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस पहल से जहां जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हुआ। इस दौरान गोविंद प्रताप सिंह, सेक्टर प्रभारी कोदूलाल हल्दकार, श्रीकांत पटेल, परामर्शदाता सुमित सिंह मौजूद रहे।

### मोबाइल हैकिंग कर खाते से उड़ाए बीस हजार रूपए

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक व्यवसायी के साथ डिजिटल धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 'न्यू अग्रवाल स्टेशनरी' के संचालक अरविंद कुमार अग्रवाल (63 वर्ष) के एक्सिस बैंक खाते से जालसाजों ने मोबाइल हैक कर 20,462 पार कर दिए। पीड़ित के अनुसार 3 मार्च को स्थानीय एजेंट उनकी दुकान पर आए थे और PhonePe का कनेक्शन लगाया था। इसके बाद अपडेट के नाम पर लिया 8 अप्रैल को ये व्यक्ति पुनः दुकान पर आए। फोनपे सर्विस को 'अपडेट' करने के बहाने उन्होंने करीब 5-10 मिनट के लिए पीड़ित का मोबाइल अपने पास रखा। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान मोबाइल में कोई रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर (हैक करने वाला ऐप) इंस्टॉल कर दिया गया। अगले ही दिन, 9 अप्रैल को बिना किसी OTP के दो किस्तों में पैसे कट गए। पहला ट्रांजैक्शन दोपहर 1:49 बजे 10,000 और दूसरा दोपहर 2:42 बजे 10,462 हुआ। पीड़ित अरविंद कुमार अग्रवाल ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।

# राज्य सेवा एवं वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 26 को, बनाए गए 4 परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा रविवार, 26 अप्रैल को जिले में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिले में 4 परीक्षा केन्द्र निर्धारित करते हुये केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है।

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से दो सत्रों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित होगा।

जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज की केन्द्राध्यक्ष प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात होंगी। जबकि परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट हा.से. स्कूल माधवनगर की केन्द्राध्यक्ष प्राचार्य श्रीमती संध्या बेन को बनाया गया है। इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के केन्द्राध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन बरखेडकर और परीक्षा केन्द्र शासकीय तिलक कॉलेज के केन्द्राध्यक्ष कॉलेजे के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई को बनाया गया है।

**निगरानी हेतु उड़नदस्ता गठित**

परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिये कलेक्टर ने एक विशेष उड़नदस्ता दल गठित किया है। एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को उड़नदस्ता दल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया और नायब तहसीलदार गैर न्यायालय मझगवां कन्हवारा श्रीमती साक्षी शुक्ला उड़नदस्ता दल की सहयोगी अधिकारी होंगी।

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा इस उडनदस्ता दल को परीक्षा तिथि पर प्रथम एवं द्वितीय पारी में संचालित होने वाली परीक्षा में सभी परीक्षा केन्द्रों में जांच करने एवं शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही दल को प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों की वीडियोग्राफी कराने और साथ ही उक्त कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्रों को निकालने व रखने की वीडियोंग्राफी कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति पदयात्रा का हुआ आयोजन, दी जानकारी



**विजयराघवगढ़।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत नारी शक्ति पद यात्रा का किया गया। आयोजन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य के अंतर्गत परियोजना विजयराघवगढ़ में नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एके कोरी की उपस्थिति में किया गया। रैली जनपद पंचायत से होते हुए परियोजना ऑफिस में समाप्त हुई। इस दौरान नारी शक्ति वंदन अभियान के नारे और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति संपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। शासन स्तर पर उनके अधिकार और नवीन नियमों की जानकारी प्रदान की गई।

### शुभी चौरसिया ने विद्यालय में लहराया परचम



**उमरियापान।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उमरियापान की छात्रा शुभी चौरसिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वे संदीप चौरसिया एवं नीलम चौरसिया की पुत्री, व सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार चौरसिया की नातिन हैं। शुभी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### साक्षी सेन ने मारी बाजी



**सिलौड़ी।** स्थानीय साक्षी सेन 10 वीं में 95 प्रतिशत सिलौंडी को किया गौरवान्वित किया है। साक्षी शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्रा हैं, साक्षी सेन पिता केश लाल सेन की पुत्री हैं, स्थानीय लोगों ने छात्रा की इस उपलिब्ध पर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### दीवार लेखन से दे रहे जल संरक्षण का संदेश

**उमरियापान।** सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारे लेखन कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। यह पहल शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत की जा रही है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि इस अभियान के तहत सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण से प्रेरक नारे लिखकर जागरूक कर रहे हैं।

### 19 बंदर पकड़कर जंगलों में छोड़े गए सुरक्षित



**कटनी।** नगर वासियों को बंदरों की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अभियान निरंतर जारी है। मथुरा ने तीसरे दिन जालपा वार्ड के सामुदायिक भवन से बंदरों को पकड़ने की कार्यवाही की। निगम प्रशासन के निर्देशन में प्रशिक्षित टीम ने सुरक्षित तरीके से 19 बंदरों को पकड़कर उन्हें शहर से दूर जंगल क्षेत्र में छोड़ा गया, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और बंदरों को भी कोई नुकसान न पहुंचे। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान नगर में लगातार संचालित किया जा रहा है, जिससे शहर के विभिन्न वार्डों में बंदरों के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित किया जा सके।

---

#### दिनों दिन बढ़ने लगा पारा, सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता

# सूरज के तेवर तल्ख, गरम लपट व चिलचिलाती धूप से लोगों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिनों दिन सूर्य अपने तेवर दिखाने लगा है। रोजाना तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। सुबह से ही भीषण गर्मी के प्रकोप में लगातार वृद्धि हो रही है। इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है, इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रभाव सड़कों पर भी दिखने लगा है। दोपहर के समय में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। वहीं, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। आगामी दिनों तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहने की संभावना है। बदलते मौसम के कारण इस भीषण गर्मी के चलते मौजूदा समय में लोग पसीने से तरबतर दिखाई देने लगे है।

न्यूनतम तापमान कम होने से अब तक शाम को गर्मी से काफी राहत रही लेकिन दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं, तेज धूप के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकलने से परहेज किया जाने लगा है, इससे दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़कें, मार्ग व बाजार दोपहर में वीरान नजर आए। अधिकांश दुकानों पर दिन में व्यापारी खाली बैठे रहे।



वहीं, दिन ढलने के बाद लोग घरों से निकले और बाजार में भीड़ बनी रही।

**बच्चों का रखें खास ख्याल**

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ चौधरी का कहना है कि,गर्मी के इस मौसम में नौनिहाल बच्चों की सेहत का ख्याल रखना बेहद आवश्यक है। बच्चों को तेज धूप में न निकलने दें, अति आवश्यक हो तो बच्चों के शरीर को गमछे आदि से ढककर ले जाएं। बाजार की तली हुई खाद्य सामग्री से परहेज करें। बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाएं व स्वयं भी पिएं। बर्फ की कुल्फी तथा केमिकल युक्त शेक से दूरी बनाएं। पानी के साथ-साथ छाछ, आम का पना, शुद्ध दही से बनी लस्सी तथा मौसमी फलों एवं ग्लूकोज आदि का सेवन करना चाहिएं जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके। गर्मी से बचाव के लिए कोल्ड ड्रिंक्स अथवा आर्टिफिशियल शुगर वाले ड्रिंक्स से बचना चाहिए।

**इनका करें सेवन**

गर्मी से बचने के लिए भारतीय पेय न केवल स्वास्थ्य के लिए अपितु जेब के लिए भी सही सिद्ध होते हैं। गर्मी दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है नीबू पानी, जो न केवल स्वास्थ्य वर्धक है बल्कि हर घर में असानी से उपलब्ध हो जाता है। सत्तू भी घर पर ही तैयार होने वाला ठंडा पेय है, इसे सुबह के वक्त पी लिया जाए तो सारा दिन तरावट बनी रहती है। ऊर्जा से भरपूर शीतल के पदार्थ जो घर में ही दही से बना सकते हैं, जैसे छाछ, लस्सी, रायता इत्यादी। गर्मी के इस मौसम में बेल का शर्बत भी काफी लाभदायक होता है। उमस भरी और चिलचिलाती गर्मी में नीबू शिकंजी पीने से हम खुद को तरोतजा महसूस करते हैं वहीं दूसरी ओर नीबू शिकंजी हमारी सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होती है। नीबू शिकंजी हमारे शरीर में पानी की कमी नहीं होने देती, इससे शरीर में नमी बरकरार रहती है। नीबू शिकंजी से हाजमा तथा पेट साफ रहता है एवं डाईजेशन नियंत्रित रहता है। गर्मी में तले हुए पदार्थों से परहेज रखना चाहिए।

---

## नगर निगम की अनूठी पहल, सार्वजनिक कुएं का किया जीर्णोद्धार




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल संकट के समाधान एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए फॉरेस्टर वार्ड के सार्वजनिक कुएं का जीर्णोद्धार कराया गया। लंबे समय से उपेक्षित पड़े भट्टा मोहल्ला के इस कुएं की साफ-सफाई, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कर इसे पुनः उपयोग योग्य बनाया गया है।

निगम प्रशासन द्वारा किए गए इस कार्य से न केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि आसपास के नागरिकों को भी स्वच्छ एवं सुलभ जल उपलब्ध हो सकेगा। अभियान के तहत कुएं की दीवारों की मरम्मत, गाद निकासी, जल भराव की क्षमता बढ़ाने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गईं।

निगम के कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य शहर के पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ी एवं तालाबों का पुनर्जीवन कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न वार्डों, वार्ड क्रमांक 37, 33, 32, 31 के 8 कुओं से कई सालों से जमा पानी को बाहर निकालकर कुएं में जमा मिट्टी, गाद की सफाई की जाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करते हुए "कीटाणुशोधन" का कार्य किया गया।स्थानीय नागरिकों ने निगम प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं।

---

#### 65 बच्चों को डेढ़ माह से नहीं मिला पोषण आहार, गर्भवती महिलाएं परेशान

## दो किमी दूर आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने का विरोध, महिलाओं ने नए भवन में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

स्थानीय सिहरा टोला में प्रशासन की अदूरदर्शिता के खिलाफ आदिवासी महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। पिछले 9 दिनों से अपने दुधमुंहे बच्चों के साथ धरने पर बैठी महिलाओं ने शुक्रवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा दिया। महिलाओं का आरोप है कि केंद्र को बस्ती से करीब 2 किलोमीटर दूर बनाया गया है, जिससे छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का वहां पहुंचना लगभग असंभव है। दूरी के कारण 65 बच्चे पोषण और शिक्षा से वंचित हैं। सिहरा टोला की महिलाओं का कहना है कि 27 फरवरी से पुराना केंद्र बंद कर दिया गया है। इसके कारण टोले के



लगभग 65 बच्चों को पिछले डेढ़ महीने से न तो पोषण आहार मिल पा रहा है और न ही प्रारंभिक शिक्षा। भीषण गर्मी के इस मौसम में 2 किलोमीटर का पैदल सफर तय करना छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम भरा है।'जनमन योजना' का तर्क और प्रशासनिक उपेक्षाग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की नियुक्ति मूल रूप से सिहरा टोला केंद्र के लिए हुई थी, लेकिन अब उन्हें नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। विभाग का तर्क है कि 'झोपड़ी' थीम पर बना यह अनूठा केंद्र 'जनमन योजना' के तहत निर्मित है और वहां उसी योजना के हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जा रही है। हैरानी की बात यह है कि मार्च-अप्रैल की इस चिलचिलाती धूप में महिलाएं 9 दिनों से धरने पर बैठी रहीं, लेकिन प्रशासन का कोई भी वरिष्ठ अधिकारी या जनप्रतिनिधि उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। इसी प्रशासनिक उपेक्षा से नाराज होकर महिलाओं ने अंततः तालाबंदी का निर्णय लिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि जब तक आंगनबाड़ी केंद्र को वापस बस्ती के भीतर पूर्व निर्धारित स्थान पर शिफ्ट नहीं किया जाता, तब तक केंद्र का ताला नहीं खोला जाएगा। ग्रामीणों ने इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

---

## शहर को स्वच्छ बनाने पहल, दो शिफ्टों में सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़, व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा प्रतिदिन प्रातः कालीन एवं रात्रिकालीन दो शिफ्टों में सफाई कार्य संचालित कर नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा समस्त वार्डों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही संग्रहित कचरे के वैज्ञानिक निपटान के माध्यम से स्वच्छता व्यवस्था को व्यवस्थित रखा जा रहा है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नियुक्त नोडल अधिकारी प्रतिदिन प्रातः अपने-अपने आवंटित वार्डों में पहुंचकर



सफाई कार्यों का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों को तत्काल दूर कर व्यवस्था को सुचारू बनाया जा रहा है। विशेष रूप से सुलभ एवं सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।नगर के समस्त वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक देने हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर जमा कचरे का नियमित उठाव किया जा रहा है। साथ ही मच्छरों एवं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी नियमित रूप से किया जा रहा है। सायंकालीन शिफ्ट में बाजार क्षेत्रों से भी कचरे का संग्रहण सुनिश्चित किया जा रहा है।

---

## 11 हजार से अधिक किशोरियों को लगा एचपीव्ही टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 28 फरवरी से शुरू हुये एचपीव्ही (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के टीकाकरण अभियान के तहत जिले को एचपीवी टीकाकरण के लिए मिले 12 हजार 613 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 11 हजार 706 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्यी का 92.8 फीसदी है। जिले को मिले लक्ष्यव की पूर्ति मई माह तक करना है। लेकिन कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा इसकी सतत समीक्षा व पर्यवेक्षण की वजह से टीकाकरण कार्य में तेजी आई है।

**ढीमरखेड़ा ने पूरा किया लक्ष्य**

टीकाकरण के मामले में ढीमरखेड़ा ने 100 फीसदी लक्ष्य पूरा कर लिया है। जबकि कटनी नगर 98 फीसदी लक्ष्य पूरा कर दूसरे स्थान पर है। इसी प्रकार 96 प्रतिशत लक्ष्यग पूरा कर बरही तीसरे और 91 फीसदी लक्ष्यइ पूरा कर रीठी व विजयराघवगढ़ चौथे स्थान पर है। जबकि 90 फीसदी के साथ बड़वारा पांचवें, 88 फीसदी के साथ मुड़वारा छठें और 87 फीसदी के साथ बहोरीबंद अंतिम स्थान पर है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। अधिकाशतः 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें कक्षा 8वीं, 9वीं,10 वीं में अध्ययनरत होती हैं। इन्हें सवाईकल कैंसर की बीमारी और इससे बचाव तथा एचपीव्ही टीकाकरण के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को विकासखंडवार खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और बीआरसी के साथ बैठक आयोजित कर एचपीव्हीर टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने किशोरी बालिकाओं के माता-पिता, पालकों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। यह बाजार में लगभग 4 हजार रुपये की आती है, लेकिन शासन द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवायें। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा।

---

#### विवेकानंद शासकीय महाविद्यानलय में किया गया कार्यक्रम

## साइबर ठगी से बचने के लिए बरतें सावधानी, आयोजन कर किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में नारी शक्ति वंदन पखवाडा अभियान के तहत प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुदेश सुमन के द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होनें बताया कि आजकल लालच व अज्ञानतावश लोग साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगी का शिकार लोगों की फेहरिस्त में बड़े उद्यमी-कारोबारी, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से लेकर सरकारी कर्मचारी, पुलिस महकमे के लोग और बैंक अधिकारी तक शामिल हैं, जो शिक्षित हैं और बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे हैं



या कर रहे हैं। लेकिन सावधानी नहीं बरतने पर वे साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। यानी साइबर ठग किसी को नहीं छोड़ रहे हैं, वे समाज के हर वर्ग को चंगुल में ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी करने वाले पहले फर्जी कॉल कर प्रलोभन देते हैं। जिसके जरिए वे बैंक डिटेल, आधार या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर लेते हैं और फिर खाते रुपए पार कर लेते हैं। डॉ कमला पटेल ने मोबाइल सुरक्षा, बैंक खाता मैनेज करना और पासवर्ड बनाने जैसे विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।साइबर अपराध संबंधी वेबसाइट की जानकारी दी। बताया कि फोन पर कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को बिना सोचे समझे क्लिक न करें। यदि आपके साथ कोई साइबर क्राइम या कोई अनचाही स्थिती बने तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। ऐसे में साइबर अपराध को रोकने के लिए विशेष सतर्कता के साथ आधुनिक तकनीक का ज्ञान होना आवश्यक है। सतर्क रहकर ही इस अपराध से बचा जा सकता है।क्योंकि सुविधाएं कई बार समस्या भी बन जाती है। ऐसे में जागरूकता ही बचाव है। कोई भी ऑनलाइन कार्य करें तो किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को ओटीपी आदि की जानकारी नहीं देवें। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सुश्री प्रज्ञा तिवारी, कमला पटेल, डॉ किरण खरादी, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

#### 186 प्रगणकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण, तृतीय प्रशिक्षण 19 से 21 अप्रैल तक

## मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाना है जिसकी तैयारी के क्रम में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण जिले में 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के मध्य चल रहा है । प्रथम चरण के आयोजित प्रशिक्षण के तृतीय द्वितीय दिवस मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रश्नों पर विस्तृत चर्चा, उत्तर कैसे भरे, मकान सूचीकरण प्रश्न , लोकेशन विवरण कैसे भरे, लाइन क्रमांक, भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, स्व गणना संदर्भ आई डी , भवन एवं जनगणना मकान, फर्श की मुख्य सामग्री, दीवार की सामग्री, दीवार और छत, जनगणना मकान का वास्तविक उपयोग,



जनगणना मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, कुल व्यक्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया से संबंधित जानकारी, मकान के स्वामित्व की स्थिति, आवास हेतु उपलब्ध कमरो की संख्या आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पोर्टल में स्व गणना की व्यवस्था 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। प्रशिक्षण में बताया गया, जनगणना 2027 के अंतर्गत जनगणना का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में हो रहा है। डिजिटल टूल्स के माध्यम से प्रगणक अपने मकान सूचीकरण ब्लॉक में स्थित घरों में जाकर के एचएलओ एप के माध्यम से आंकड़े इकट्ठा करेंगे। इसके पूर्व मध्य प्रदेश में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व - गणना (SELF ENUMERATION) का कार्य भी किया जाना है। स्व गणना के द्वारा व्यक्ति अपने परिवार की सूचना पोर्टल के माध्यम से स्वयं भर सकता है। परिवार से एक व्यक्ति द्वारा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य पोर्टल https://se.census.gov.in में लॉगिन करके अपने परिवार की सूचना स्वयं भरी जा सकती है। उसके पश्चात 1 में से 30 मई में मोबाइल के मध्य प्रगणक घर-घर जाकर के सूचना एकत्र करेंगे तथा उस दौरान जिन लोगों ने स्व गणना की है उनकी सूचना भी सत्यापित की जाएगी। अगर उसमें कोई सुधार किया जाना है तो सुधार किया जाएगा अन्यथा वह सूचना पोर्टल पर एचएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज कर ली जाएगी।

इस संबंध में नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण के आगामी चरण के तहत जोन क्रमांक 2 (वार्ड क्रमांक 16 से 30) का प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। जिसमें 188 प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित होने वाले तृतीय चरण जोन क्रमांक 3 (वार्ड क्रमांक 31 से 45) तक के प्रशिक्षण में 173 प्रगणकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को घर-घर सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली, आंकड़ों की सटीकता बनाए रखने, एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के संबंध में विशेष मार्गदर्शन दिया जावेगा।

---

## सीनीयर छात्रावास न होने के कारण छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास में सीनियर छात्रावास भवन तैयार न होने के कारण छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होता दिखाई दे रहा है। सीनियर छात्रावास न होने के कारण छात्राएं काफी चिंतित नजर आ रही हैं। वर्तमान अधीक्षक एवं छात्रा ने कलेक्टर और विधायक को पत्र लिखकर अस्थाई भवन में 25 अतिरिक्त सीट बढ़ने की मांग की गई है। हाल ही में घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की 10 वीं में अध्ययनरत 28 में से 20 छात्रा 60 प्रथम श्रेणी में पास हुई है और 7 छात्रा सेकेंड क्षेणी में पास हुई है । साथ ही पूरे संकुल में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की छात्रा करिश्मा मरावी पिता सुरेंद्र मरावी ने 96.6प्रतिशत लाकर टॉप किया है । सिलौंडी में सीनियर कन्या छात्रावास भवन न होने के कारण 10 से 12 किलोमीटर दूर आना जाना पड़ रहा है। जिस कारण छात्राओं को दो घंटे से अधिक का समय आने जाने में ही गुजर जाता है। छात्रावास अधीक्षक सहित छात्राओं ने अस्थाई भवन में रहने और भोजन की व्यवस्था करने हेतु कलेक्टर और विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को पत्र के माध्यम से मांग की गई है। छात्राओं का कहना है कि यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य हैं यहां के अधिकांश लोगों की आर्थिक स्थति कमजोर है ऐसे में बाहर जाकर पढ़ाई करने में जो खर्च आता है वह अत्याधिक होता है।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की नौरादेही रेंज पुरैना बीट का मामला

# नौरादेही रेंज में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 120 नग अवैध लकड़ी जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले रेंज नौरादेही की बीट पुरैना में वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी संग्रहण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। विभाग को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर 16 अप्रैल 2026 को त्वरित एवं योजनाबद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें अवैध रूप से संग्रहित लगभग 120 नग लकड़ी (करीब 6 घन मीटर) जप्त की गई। जप्त लकड़ी में सागवान सहित अन्य बहुमूल्य प्रजातियों की लकड़ी शामिल है। इस संबंध में वन विभाग द्वारा प्रकरण क्रमांक 422/01, दिनांक 17 अप्रैल को विधिवत दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण भारतीय वन अधिनियम, 1927 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया है। विभाग द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रियता और सतर्कता के परिणामस्वरूप यह कार्रवाई संभव हो सकी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी को जप्त किया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। मामले की विस्तृत जांच वर्तमान में जारी है, जिसके तहत संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध कटाई, परिवहन एवं संग्रहण जैसे अपराधों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं गशत बढ़ाई जा रही है। साथ ही, वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। यदि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, जैसे पेड़ों की कटाई, लकड़ी का अवैध परिवहन या शिकार की सूचना प्राप्त हो, तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। जनसहयोग से ही वन संपदा की रक्षा संभव है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

### बाघों की मौजूदगी भी नहीं आ गया काम

वहीं टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघ बाघिन और उनका कुनबा भी खुले में घूम रहे हैं जब इन बाघों को बीते वर्ष 2018 में नौरादेही अभ्यारण्य के समय यहां पर लाया जा रहा था उस दौरान डीएफओ सीसीएफ यह बात कह रहे थे कि बाघों की मौजूदगी का असर अवैध कटाई की रोकथाम में होगा लेकिन ऐसा नहीं होना सामने आ रहा है जिस स्तर पर टाइगर में कटाई का सिलसिला चल रहा है उससे यह बात साफ जाहिर है कि अवैध कटाई करने वाले आरोपियों को बाघों की मौजूदगी से कोई फर्क नहीं पड़ता है उलटा बाघों की सुरक्षा को ऐसे में खतरा अवश्य सामने आ रहा है।

### भारी भरकम सागौन के लिए जाना जाता है टाइगर रिजर्व

टाइगर रिजर्व पहले नौरादेही अभ्यारण्य हुआ करता था जिसकी स्थापना 1975 में की गई थी टाइगर रिजर्व तीन जिले की सीमा में फैला हुआ है जिसमें दमोह सागर व नरसिंहपुर जिला शामिल है टाइगर में काफी पुरानी भारी भरकम वृक्ष लगे हुए हैं जबकि काफी संख्या में ऐसे ही पेड़ों की कटाई हो चुकी है स्थिति यह है कि कभी सागौन के लिए अपनी पहचान बनाने वाले इस टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभ्यारण्य) में अब सागौन विलुप्त होने की कगार की ओर अग्रसर हो चला है।

### इनका कहना है

इस संबंध में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार ने कहा कि वन विभाग भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखते हुए वन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

अधिकारियों के निरीक्षण के अभाव में प्रभारी अधीक्षक कर रहे खाना पूर्ति

# अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन छात्रावास में फर्जी छात्र संख्या दर्शाकर किया जा रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




नगर में बीटीआई के समीप आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास संचालित की जा रही है जिसमें निर्धारित 50 सीटों के अनुसार छात्र संख्या दर्ज की जाती है, पर मौके पर देखा गया तो यह संख्या आधी या चौथाई भी नहीं मिली। इसका मतलब है कि जिन छात्रों की फर्जी उपस्थिति दिखाई जाती है, उसके नाम पर रिकॉर्ड में मनमाना खर्च दिखाकर राशि हड़प की जा रही है। यदि छात्रावास 50 सीटर है तो वहां उपस्थिति शत प्रतिशत या उससे कुछ कम दिखाई जाती है। जबकि वास्तविक उपस्थिति बहुत कम है। हटा नगर के इस छात्रावास में यही खेल चल रहा है जहां हर महीने हजारों रुपए का बंदरबाट हो रहा है।

### फर्जी संख्या के आधार पर भुगतान

जानकारी के अनुसार हटा आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा हटा में संचालित 50 सीटर बालक छात्रावास में 45 छात्र दर्ज है लेकिन जब शुक्रवार को हटा प्रतिनिधि द्वारा सुबह 9 बजे जायजा लिया गया तो सिर्फ 12 छात्र ही छात्रावास में पाए गए। छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां पर 15 से 20 छात्र ही हमेशा रहते हैं एवं भोजन भी मीनू के अनुसार नहीं दिया जाता है जिससे अंदाजा लगाया है जा सकता है कि छात्रावास में बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्शाकर विभागीय अधिकारियों से साठगांठ कर के प्रतिमाह हजारों रुपए का भुगतान कराया जा रहा है।

### छात्रावास से जिम्मेदार रहते हैं नदारद

सरकार द्वारा हर छात्रावास में अधीक्षक सहित अन्य कर्मी तैनात किए गए है। लेकिन जिम्मेदार बहुत कम ही नजर आते है। ऐसे मामले पूर्व में भी सामने आ चुके है। आरोप है कि हटा अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन छात्रावास के प्रभारी अधीक्षक रात में अपने घर के लिए चले जाते हैं। जबकि नियम तहत उनका निवास और रात में रुकना छात्रावास में होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हालांकि भय या अन्य कारणों से छात्र सामने नहीं आ रहे हैं। हालांकि हटा के अन्य बालक छात्रावासों में भी यही हाल है। यहां के छात्रावास चौकीदार के भरोसे होते हैं। वहीं आरोप है कि बच्चों को मीनू अनुसार नाश्ता एवं खाना नहीं मिलता है और नाही इस छात्रावास में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था है प्रभारी अधीक्षक द्वारा मनमाफिक तरीके से संचालन किया जा रहा है। जब इस संबंध में आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक से बात करनी चाही तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### अंशुल मुखरैया ने दसवीं में 92.2 अंक हासिल किये



**पथरिया।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया के छात्र अंशुल पिता सत्यपाल मुखरैया निवासी वार्ड नं 05 ने कक्षा दसवीं में 92.2 प्रतिशत हासिल कर परिवार व विघालय का गौरव बढ़ाया।

### चंडी चौपरा स्कूल का रिजल्ट घोषित

**बनवार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंडी चौपरा का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। इस वर्ष कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 63.33 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 46.34 प्रतिशत रहा, जिसे लेकर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। कक्षा 10वीं में गरिमा सोनी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छत्रपाल सिंह 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि प्राची लोधी ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में दीक्षा अहिरवाल ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजना यादव 87.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि संजू अहिरवाल ने 84.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि कक्षा 12वीं के 5 विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु राशि भी प्राप्त होगी, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सतीश तंतवाय ने बताया कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंगोला प्राचार्य ने पेश की अनूठी पहल

# विद्यालय में उत्कृष्ट अंक वाले छात्रों को 21 हजार की राशि से करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल मंगोला में प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा अपने विद्यालय में एक अनूठी पहल शुरू करते हुए घोषणा की गई थी कि जो भी छात्र, छात्रा कक्षा 10 बी में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा उन छात्रों के लिए 21000 रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जावेगा जिससे बच्चों का शिक्षा में मनोबल बढ़ेगा। जहां विद्यालय के पांच छात्र छात्राओं ने अच्छी लगन और मेहनत से प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए जिन्हें प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया जावेगा।

प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र राजपूत मैं बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मेरे द्वारा यह पहल शुरू की जा रही है जिसे 15 अगस्त को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने निजी खर्च पर अपने पिता की स्मृति में सम्मान समारोह अयोजित कर विद्यालय के छात्र लोकेश पटेल पिता मूलचंद पटेल ने 421 अंक प्राप्त कर 84.2 प्रतिशत, दीक्षा अहिरवार पिता कमलेश अहिरवार के 417 अंक 83.4 प्रतिशत ललिता पटेल पिता हरिराम पटेल 390 अंक 78 प्रतिशत, दशोदा पटेल पिता पंचम पटेल 382 अंक 76.4 प्रतिशत, कविता पिता भगवानदास पटेल 379 अंक 75.8 प्रतिशत प्राप्त किए जिनको प्रभारी प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण के कारण ही मंगोला हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बड़े सपने अवश्य देखने चाहिए, क्योंकि सपने ही सफलता की पहली सीढ़ी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और उसी दिशा में आगे बढ़ें।

विद्यालय के बच्चों का हौसला बढ़ाने में विद्यालय परिवार के, वरिष्ठ शिक्षक विनोद अहिरवार मुकेश अहिरवार मनीष जैन प्रीतम सत्यम मनोज दुबे बृजेश शुक्ला रचना श्रीवास्तव पवन कुमार जैन पुरुषोत्तम अहिरवार जावेद खान कल्पेश भार्गव राजेंद्र सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त शाला परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया कलेक्टर का स्वागत

**दमोह।** नवनियुक्त कलेक्टर महोदय का मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह संघ ने किया आत्मीय स्वागत मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार एवं जिला कार्यकारिणी दमोह द्वारा जिले के नवागत कलेक्टर श्रीमान प्रताप नारायण यादव जी का पुष्पगुच्छ माला से भेंट कर भावभीना स्वागत किया समस्त विभागों के अंशकालीन कर्मचारी छात्रावास रसोईया चौकीदार एवं स्कूल शिक्षा विभाग की समस्याएं पत्र के माध्यम से श्रीमान कलेक्टर महोदय जी को अवगत कराया गया और चर्चा की जिला कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त एवं पदाधिकारी का परिचय कराया गया कर्मचारी संघ की ओर से यह विश्वास दिलाया गया है कि संघ शासन और प्रशासन के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर जिले के विकास में सहभागी बनेगा और कर्मचारी समय पर अपनी कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे और श्रीमान कलेक्टर महोदय जी समस्याओं के संबंध में आश्वासन दिया गया



है कि इसमें जो संभव हो सके वह हम करेंगे उपस्थित समस्त जिला कार्यकारिणी दमोह।

## नवागत कलेक्टर का अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा ने किया स्वागत



**दमोह।** म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला शाखा द्वारा नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव का स्वागत किया गया। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि चर्चा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाएं एवं यदि किसी अधिकारी कर्मचारी की कोई लंबित समस्या है तो बताएं। इस मौके पर राकेश सिंह हजारी, सत्यनारायण तिवारी, अभिषेक हजारी, विष्णु शर्मा, मोहन आदर्श, सुरेंद्र सिकर्रा, राममिलन उपाध्याय, कुंज बिहारी दुबे, प्रेम सिंह, नीरज सोनी, खिलान सिंह, राजीव बड़कुल, बबलू ठाकुर, अमित अठया, चमन लाल व जयंत गांगरा की मौजूदगी रही।

## सांदीपनि बनवार स्कूल का शानदार परिणाम, छात्राओं ने लहराया परचम



**बनवार।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार का वर्ष 2026 का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार उत्साहजनक रहा। कक्षा 10वीं में विद्यालय का कुल परिणाम 50 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 63 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में लक्ष्मी लोधी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सावित्री लोधी 83.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा रेखा पटेल 82.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 12वीं में वर्षा अग्रवाल ने 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंदल पाल 79.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा मोहित सेन 76.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में 37 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा 12वीं में 26 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लक्ष्मी लोधी एवं वर्षा अग्रवाल को प्राचार्य धर्मेन्द्र अहिरवाल ने पुष्पमाला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण प्रेम शंकर सिंह ठाकुर, दयाराम पटेल, प्रदीप सिंह राजपूत, पार्वती रोहित, इमरत अहिरवाल, प्रतिभा त्रिपाठी, महेश नामदेव, मुकेश पटेल सहित समस्त स्टाफ ने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मुस्कान ने पाये 91. 6 प्रतिशत अंक

**सिंग्रामपुर।** ग्राम पंचायत बडेरा की होनहार छात्रा मुस्कान चौधरी पिता सरपंच अजय चौधरी की पुत्री जबेरा में रहकर अध्ययन कर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा स्कूल में पढ़ाई कर ग्राम का नाम रोशन किया ग्राम के सरपंच अजय चौधरी ने बताया बड़े हर्ष का विषय है दशमीं में मेरी बेटी मुस्कान ने 91.6 प्रतिशत आने पर ग्राम का नाम रोशन किया है। ग्राम के लोग मुस्कान को आशीर्वाद देने और बधाई देने के लिए पहुंचे आप सभी का हृदय से धन्यवाद देता हूं स्कूल के स्टाफ का भी में हृदय से आभारी हूं।



### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी का होगा आगमन

**दमोह।** परमहंस योगीराज धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में जनकल्याण आत्म कल्याण एवं विश्व शांति स्थापित करने हेतु माता भगवती आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की आरती महाआरती 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं शक्ति चेतना जन जागरण शिवरों के माध्यम से समाज में परिवर्तन किया जा रहा है। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम सलैयामाल में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा दिव्यपाठ का आयोजन दिनांक 17 एवं 18 अप्रैल को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न सौरभ द्विवेदी जी का शुभ आगमन इस कार्यक्रम में हो रहा है।

### राम नाम अखंड कीर्तन का आयोजन

**दमोह।** जिले के बालाकोट के समाधिस्थल पर विराजमान श्री श्री 1008 श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर में श्रीहरिनाम अखंड संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक निरपत सिंह ठाकुर और सतीश नगायच ने बताया कि जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नकारात्मकता को दूर करने के लिए राम नाम कीर्तन नित्य करते रहना चाहिए। आयोजन 3 अप्रैल 2026 से 2 मई 2026 तक किया जाना है जिसका समापन भंडारे के साथ किया जाएगा। संकीर्तन पिछले 11 वर्षों से लगातार वैशाख मास में पूरे माह आयोजित किया जाता है। संकीर्तन में बालाकोट और आसपास के सभी ग्रामों के भक्त वृन्द आकर श्री हरिनाम संकीर्तन में गोता लगाकर अपना मनुष्य जन्म सफल बनाते हैं।

## योजनाओं से वंचित आदिवासी परिवार

### आदिवासी परिवार की पांच महिलाओं में से किसी को भी लाडली बहना का लाभ नहीं ना किसी की खाद्यान्न पर्ची बनी

**जबेरा।** जनपद पंचायत मुख्यालय से मात्र सात किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भाट खमरिया से एक ऐसी जानकारी सामने आई है जिससे शासन की आदिवासी हरिजन के हित में की जाने वाली घोषणाएं केवल कागजो पर ही दिखाई दे रही है। धरातल पर नहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम भाट खमरिया के प्रताप आदिवासी की पत्नी श्याम बाई 55 वर्षएवं बहू मनीषा 26 वर्ष वर्षा 23 वर्ष कीर्ति 24 वर्ष एवं सोनिया इनमें से किसी को भी लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इन सब का कहना है कि जब फॉर्म भरे जा रहे थे तो हमने फॉर्म जमा करवाए थे। पूरा परिवार मजदूरी करता है। इन लोगों की खाद्यान्न पर्ची भी नहीं बनाई गई है जैसे ही इस बात की जानकारी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को लगी उनके घर जाकर पूरी जानकारी ली। उनके जाति प्रमाण पत्र लेकर के खाद्यान्न पर्ची बनवाने के लिए जबेरा जनपद पंचायत को भेज दिए। इस प्रकार कर्मचारियों अधिकारियों, सरपंच के द्वारा गरीब मजदूर को शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है। जबकि इन सबका कर्तव्य था कि घर जाकर उनका लाभ दिलाते सरकार कहती है सरकार के मंत्री कहते हैं कि हम घर-घर जाकर गरीब आदिवासी हरिजन भाइयों को योजना को लाभ दिला रहे हैं। लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है विचारे कई कई बार चक्कर काटते हैं। सरपंच के सचिव के जनपद के फिर भी उनके काम नहीं हो पाते हैं व्यवस्था को सुधारिए मंत्रीआदिवासी परिवार की पांच महिलाओं में से किसी को लाडली बहना का लाभ नहीं ना किसी की खाद्यान्न पर्ची बनी। जबेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम भाट खमरिया के प्रताप आदिवासी की पत्नी श्याम बाई 55 वर्षएवं बहू मनीषा 26 वर्ष वर्षा 23 वर्ष कीर्ति 24 वर्ष एवं सोनिया इनमें से किसी को भी लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है इन सब का कहना है कि जब फॉर्म भरे जा रहे थे तो हमने फॉर्म जमा करवाए थे पूरा परिवार मजदूरी करता है इन लोगों की खाद्यान्न पर्ची भी नहीं बनाई गई है जैसे ही इस बात की जानकारी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को लगी उनके घर जाकर पूरी जानकारी और उनके जाति प्रमाण पत्र लेकर के खाद्यान्न पर्ची बनवाने के लिए जबेरा जनपद पंचायत को भेज दिए इस प्रकार कर्मचारियों अधिकारियों सरपंच के द्वारा गरीब मजदूर के लिए योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है जबकि इन सबका कर्तव्य था कि घर जाकर परिवार को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाते सरकार कहती है सरकार के मंत्री कहते हैं कि हम घर-घर जाकर गरीब आदिवासी हरिजन भाइयों को योजनाओ का लाभ दिला रहे हैं लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है विचारे कई कई बार चक्कर काटते हैं सरपंच के सचिव के जनपद के फिर भी उनके काम नहीं हो पाते हैं व्यवस्था को सुधरिए मंत्री महोदय आपकी सरकार है महोदय आपकी सरकार है।

## समाधान योजना का हुआ शिविर



**सिंग्रामपुर।** दमोह व्रत के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान एवं कार्यपालन अभियंता मोती लाल साहू जी ने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए है की समाधान योजना का लाभ जन-जन तक शिविर लगाकर पहुंचाएं। इसी क्रम में विद्युत विभाग दमोह व्रत अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र जबेरा के ग्राम पंचायत घाना मैली में समाधान योजना के अंतर्गत सिविर लगाया गया जिसमें पूरे ग्राम में लगभग 300 उपभोक्ताओं पर 17 लाख 26 हजार रुपए की राशि बकायादार है। शिविर में सरपंच सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। वितरण केंद्र प्रभारी महेश कुमार महतो एवं लाइन स्टाफ अच्छेलाल अहिरवार, आशिक खान, सचिन रैकवार, सोहेल खान, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा वितरण केंद्र प्रभारी ने बताया कि वितरण केंद्र जबेरा के अंतर्गत ग्राम घाना मैली में 300 उपभोक्ताओं पर लगभग 17 लाख 26 हजार बकाया राशि होने पर शिविर लगाया गया। शिविर में राशि जमा नहीं करने पर आगामी समय में लाइन काटने एवं विद्युत ट्रांसफार्मर बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। वितरण केंद्र प्रभारी महेश कुमार महतो ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा समाधान योजना अंतर्गत 15 मई तक योजना का लाभ लेकर लाभान्वित होने की अपील की।

### हर मंगलवार होगा जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम

**दमोह।** जिले के नवागत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रत्येक मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमआयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय, दमोह के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री यादव ने बताया, जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन से प्राप्त आवेदनों का विधिसम्मत एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आवेदकों को समय पर राहत एवं लाभ मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहें और प्राप्त आवेदनों के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे न केवल समस्याओं का मौके पर समाधान होगा, बल्कि आमजन को प्रशासन की सेवाओं का बेहतर लाभ भी मिल सकेगा।

## छात्राओं ने किया गौरवान्वित




**रनेह।** 15 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इन परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है। संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्राएं गणित संकाय से हैं। जिनमें रोशनी पिता राजेंद्र पटेल ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वैजंती पिता जगदीश कुर्मी ने 500 में से 442 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और सृष्टि पिता सुरेन्द्र बडोनिया ने 500 में से 424 अंक तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 10वीं में ज्योति पिता महेश अहिरवार ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शारदा पिता प्रीतम कुर्मी 500 में से 479 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, काजल पिता मुरारी साहू ने 500 में से 472 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन को दिया। प्रभारी प्राचार्य अरविंद कुमार राजोरिया द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। बच्चों का उच्चतम परीक्षा परिणाम देखकर कक्षा शिक्षक चंद्रभान साहू, पी एल सोनकर, मोहन सिंह लोधी, सचिन नगायच,राम सिंह राजपूत ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

## संस्कृति का सुयश



तेजगढ़। तेजगढ़ निवासी सुधेश कुमार जैन शिक्षक की सुपुत्री संस्कृति जैन ने दमोह मैं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मै शिक्षा अध्ययन कर बालिका ने कक्षा दसवीं परीक्षा मे 92.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया और परिवार से लेकर अनेको व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी।

## पंचायत मंत्री श्री पटेल करेंगे विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं वृक्षारोपण कुण्डलपुर में आज

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जिले के मुख्य आतिथ्य में विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं वृक्षारोपण कुण्डलपुर में 18 अप्रेल 2026 को शाम 4 बजे सम्पन्न होगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र दमोह के सांसद राहुल सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं राम कृष्ण कुसमरिया, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, सदस्य जिला सलाहकार समिति श्याम शिवहरे एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटैल विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह ने जिले के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सहभागिता की अपील

**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने आज डिजिटल स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज की तथा जिलेवासियों से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने आज डिजिटल स्व-गणना अभियान के तहत स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज की तथा जिलेवासियों से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### तेंदूखेड़ा थाने का मामला, दुकान संचालक की लापरवाही आई सामने

# चौथी मंजिल से नीचे गिरी लिफ्ट, एक की मौत, दो गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गुरुवार शाम एक 4 मंजिला दुकान की लोडिंग लिफ्ट अचानक टूट गई और लिफ्ट करीब 50 फीट से नीचे जा गिरी। इस दौरान लिफ्ट से दुकान में आए ग्राहकों को चौथी मंजिल पर ले जाया जा रहा था, जिससे लिफ्ट में दुकान संचालक के पुत्र समेत सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों में से एक की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं शेष दो घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। घटना में मृतक तें दू खे ड़ा नगर परिषद में जल सप्लाई विभाग का कर्मचारी बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार थाना मार्ग पर प्रहलाद सोनी की वर्तन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक समान की एक चार मंजिला दुकान है। इस दुकान में सामान की ढुलाई के लिए एक लिफ्ट लगाई गई थी लेकिन समय के साथ दुकान संचालक ने इस लिफ्ट का उपयोग दुकान में आने वाले ग्राहकों को भी अन्य मंजिलों पर ले जाने के लिए करना शुरू कर दिया।



### ग्राहक ले जाते समय टूटी लिफ्ट

गुरुवार को बांदीपुरा गांव के देवेंद्र लोधी शादी का सामान खरीदने के लिए तारादेही निवासी कमलेश लोधी के साथ लेकर उक्त दुकान पहुंचे थे। इसी दौरान दुकान संचालक का पुत्र सौरभ सोनी उन्हें लेकर लिफ्ट से चौथी मंजिल पर जाने लगा। जब लिफ्ट चौथी मंजिल के समीप पहुंचने वाली थी, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह तेज आवाज के साथ नीचे आ गिरी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना में घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जबलपुर में इलाज के दौरान गुरुवार की रात्रि लगभग 10 बजे कमलेश लोधी की मौत हो गई।

### लापरवाही और सुरक्षा में चूक

मामले में दुकान संचालक की एक बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग दो माह से मॉल संचालक द्वारा इसका उपयोग ग्राहकों को अन्य मंजिलों पर ले जाने के लिए किया जा रहा था। इस दौरान ना लिफ्ट में सुरक्षा का और ना ही मेंटेनेंस पर ध्यान दिया गया। इन हालातो के चलते यह हादसा सामने आ गया। घटना के बाद तेंदूखेड़ा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि घटना के 24 घंटे से अधिक बीच जाने के बाद भी अभी तक मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है युवक की मौत के बाद जबलपुर में मर्ग दर्ज कर लिया है और उसके बाद आगे की कार्रवाई तेंदूखेड़ा थाना पुलिस को करनी है लेकिन थाने से चंद कदमों की दूरी पर इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही और सामने आए इस घटनाक्रम से पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारों की भी लापरवाही नजर आती है। मामले में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी आरएस बागरी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## जुआ फड पर पुलिस की दबिश, पांच बाईक जब्त

**दमोह।** दमोह देहात थाना पुलिस ने जुआ फड के विरूद्ध कार्यवाही कर से 320000 का मशरूका जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को जुआ फड के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशो के पालन में दिनांक-16.04.26 को निरीक्षक अमित गौतम थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में थाना दमोह देहात एवं चौकी नरसिहगढ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बिजौरी मे गौशाला के पीछे संचालित हो रहे अवैध जुआ फड पर रेड कार्यवाही की गयी जिनसे 21970 रूपये नगद, 52 तास पत्ते एवं घटना स्थल से जुआरियो की 05 मोटरसाईकिले कुल मशरूका कीमती करीबन 320000 रूपये की जप्ती कर आरोपियो के विरूध्द थाना दमोह देहात मे अप. क्र.00/2026 धारा-13 जुआ एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो में शैलेन्द्र रैकवार लोको दमोह, रोहन बिश्वकर्मा कचौरा दमोह, अभिषेक पाण्डेय निवासी सागरनाका थाना दमोह देहात, राजू रैकवार निवासी फुटेरा मुहल्ला बार्ड न.05 दमोह, महेन्द्र लोधी निवासी ग्राम किन्द्रहो थाना पथरिया, मदन रामसेवक रैकवार निवासी बजरिया बार्ड न,04 दमोह थाना कोतवाली जिला दमोह पर मामला दर्ज किया गया है। कार्यवाही में निरी. अमित गौतम थाना प्रभारी दमोह देहात, उनि अभिषेक पटैल चौकी प्रभारी नरसिंहगढ, प्र. आर. 370 राधेश्याम परिहार, प्र. आर. 116 प्रकाशचंद, प्र. आर. मुकेश भास्कर, प्र. आर. राधेश्याम मिश्रा, आर. प्रताप भानू सिंह, आर. नीलेश सिंह, आर. अनरूध्द सिंह, आर. नरेन्द्र सिंह, आर. राहुल राजपूत, आर. कमलेश पटैल, आर. आशुतोष नामदेव, आर. अजय पटैल, आर.चा. लवकुश तिवारी, जीआरएस राजा साहिल अली, प्राइवेट चालक दिनेश पटैल का सहयोग रहा।

## भदरनाले के पास भीषण सड़क हादसा, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर में बाईपास के समीप जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे पर भदरनाले के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। एक अज्ञात ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार पांच महिलाएं और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही जबेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई अशोक सिंह, प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, आरक्षक राहुल शर्मा और कलाम खान ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया। यहां पदस्थ डॉक्टर रवि यादव ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में से तीन महिलाओं—रतिबाई, कस्तूरबा बाई और रेवा (निवासी ग्राम धंसरा) की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों चेतू,नन्ही बाई ब लाल सिंह का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग ग्राम धंसरा से दुगानी में एक गमी (अंत्येष्टि) कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम से लौटते समय भदरनाले के पास यह हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

### सपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** पिपट थाना क्षेत्र की एक युवती ने छह साल से चली आ रही प्रेम संबंध की धोखाधड़ी और शारीरिक शोषण की शिकायत एसपी कार्यालय में दर्ज कराई है। युवती ने आरोप लगाया है कि ललौनी गांव निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक उसके साथ शारीरिक शोषण किया और अंत में दूसरी लड़की से शादी करने का फैसला कर लिया।युवती के अनुसार, 2020 में दोनों के बीच संपर्क हुआ था, जिसके बाद धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गया। युवक लगातार शादी का वादा करता रहा और इसी बहाने पांच साल तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती किराए के मकान में छतरपुर शहर में रहती है। जब युवती ने शादी की बात उठाई तो युवक ने बताया कि उसके परिवार वालों ने उसकी शादी दूसरी लड़की से तय कर दी है और 20 अप्रैल को शादी होने वाली है।

## नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भव्य आयोजन

**दमोह।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात शहर के प्रमुख मार्गों से पदयात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में नारी सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। पदयात्रा का पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा पंचायत से लेकर पायलट तक नारियों ने परचम लहराया रहा हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं के सम्मान के लिए ऐसी बहुत सी योजनाओं से महिलाओं को नवाजा है, इन योजनाओं का लाभ ले रही हैं। वरिष्ठ समाजसेवी डॉं सुधा मलैया ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम यही है कि आपकी भागीदारी के बारे में कानून बनाए जा रहे हैं। इस दृष्टि से देश भी एक बड़ा परिवार है, उसे चलाने में भी उसकी उतनी ही भागीदारी होनी चाहिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से यही सिद्ध हो रहा है। हम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का बहुत-बहुत अभिनंदन करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, अर्चना सिंह, सुधा मलैया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, पूर्व विधायक रेखा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, संगीता श्रीधर, श्यामा उरैती, विनीता परस्ते, कुसुम खरे, प्रतिभा तिवारी, वर्षा रैकवार, महेश पटेल, गौपाल पटेल, मनीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, अमित बजाज, सुरेश पटेल, देवकीनंदन पटेल, श्रीमती बबली विश्वकर्मा, नर्मदा सिंह, राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।




## दीवार में छिपकर बैठा था 5 फीट लंबा कोबरा

### स्नेक कैचर ने आधा घंटे की कड़ी मशक्कत कर पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 9 में पत्रकार विशाल रजक के मकान में कोबरा सांप घुस जाने से हड़कंप मच गया सांप घर के पीछे तरफ बनी दीवार के अंदर जाकर दीवार की बिल में छिप कर बैठ गया और फुफकारने लगा जिसकी आवाज सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया सांप होने का पता उस समय चला जब सांप दीवार के अंदर से अपना आधा मुंह निकाल रहा था जिसके बाद घर में दहशत फैल गई बाद मे घर मे सांप होने की सूचना स्नेक कैचर गोविंद पाटकार को दी गई जहां सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और सांप को पकड़ने का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया गया कि सांप एक पक्की दीवार में बने छेद में जाकर छिप गया और बाहर नहीं आ रहा था।



### दीवार की खुदाई कर निकाला बाहर

स्नेक कैचर ने पहले सांप को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं निकला तो दीवार का कुछ हिस्सा तोड़ना पड़ा आधा घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सांप को बाहर निकाला गया। जैसे ही सांप को बाहर निकाला गया, उसने गुस्से में जोरदार फुफकार मारी। यह देखकर मौके पर मौजूद लोग डर गए। हालांकि स्नेक कैचर ने उसे नियंत्रित कर सुरक्षित पकड़ लिया स्नेक कैचर गोविंद पाटकार के अनुसार, पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का है, जो करीब 5 फीट लंबा और लगभग 4 किलोग्राम वजनी है। यह नया और बेहद जहरीला सांप है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। क्योंकि कोबरा के काटने पर समय पर इलाज न मिलने से जान भी जा सकती है। रेस्क्यू के बाद पकड़े गए सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा, ताकि वह अपने प्राकृतिक वातावरण में वापस जा सके।

## गैसाबाद सोसाइटी बैंक के पास का टूटा पड़ा यात्री प्रतीक्षालय

### गांव गांव में विधायक निधि से बने यात्री प्रतीक्षालय थोड़े समय में हो जाते धराशायी



**गैसावाद।** सरकार द्वारा गांव गांव में यात्रियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय तो बनाए जाते हैं लेकिन यह देखने की फुर्सत किसी को नहीं है कि नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालयों में लगाए जाने वाले मटेरियल में गुणवत्ता हैं, या नहीं, अधिकांशत बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय साल 2 साल में ही ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं जिसका ताजा उदाहरण ग्राम गैसाबाद के कोऑपरेटिव बैंक के सामने बने यात्री प्रतीक्षालय की क्षतिग्रस्त हालत को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के कोऑपरेटिव बैंक के सामने कुछ वर्ष पहले विधायक निधि से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था जो टूट कर बिखर चुका है यात्रियों के बैठने लायक नहीं रह गया है, यही हालत बस स्टैंड बंजारी चौक पर बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय की है जहां पर यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां गायब है यात्रियों को बैठने के लिए जगह ही नहीं है, अभी हाल ही में पुरानी ग्राम पंचायत के पास विधायक निधि से प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है वह भी गुणवत्ता युक्त नहीं दिखाई दे रहा है इसी तरह दमोह पन्ना मेन रोड तेवरैया मोड पर बनाया गया यात्री प्रतीक्षालय भी क्षतिग्रस्त हो चुका है जो यात्रियों के बैठने लायक ही नहीं रह गया है गौरतलब है कि टीन चद्दर से बनाए जाने वाले यह यात्री प्रतीक्षालय बहुत कम समय में ही क्षतिग्रस्त होकर टूट फूट जाते हैं जिस पर शासन का बजट तो खर्च होता है लेकिन उसका समुचित लाभ यात्रियों को मिलता हुआ नहीं दिख रहा है यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में आज भी कई स्थानो पर ग्रामीण अंचलों के छोटे-छोटे बस स्टॉपो पर यात्रीगण धूप एवं बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे बसो का इंतजार करते हुए देखें जा सकते हैं

## ग्राम दुगानी में श्मशान घाट नहीं होने से रोड के किनारे होता है अंतिम संस्कार

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा मुख्यालय से लगी हुई ग्राम पंचायत दुगानी के ग्राम दुगानी में श्मशान घाट नहीं होने के कारण जब भी गांव के किसी व्यक्ति का स्वर्गवास होता है तो रोड किनारे ही अंतिम संस्कार किया जाता है रोड पर आवागमन चलता रहता है वाहन निकलते रहते हैं भीड़ इकट्ठी रहती है दुर्घटना भी हो सकती है बड़ी अ सुविधा होती है जब इस बारे में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने ग्राम पंचायत के सचिव विजय जैन से जानकारी ली तो उन्होंने बताया की लागत ज्यादा होने के कारण यह नहीं हो पा रहा है श्मशान घाट तो है पर पहुंच से दूर है पहुंचने के लिए कम से कम 25 लाख की लागत से सीसी रोड बनानी पड़ेगी तब शमशान घाट तक पहुंचा जा सकता है कई बार ग्रामवासी मंत्री महोदय के यहां पर भी आवेदन देकर आए हैं परंतु आज तक काम नहीं हुआ। ग्राम के संजू साहू ने बताया कि हम लोग परेशान हो गए मांग करते-करते जब इस बारे में जनपद सीईओ डॉ आर पी पटेल से जानकारी ली तो उन्होंने कहा मैं जानकारी लेकर बताता हूं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कलेक्टर महोदय मंत्री महोदय से मांग की है शीघ्र ही इस ग्राम में श्मशान घाट का विधिवत निर्माण कर करके ग्राम वासियों की समस्या का निराकरण किया जावे।

## एमपी के लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत



**दमोह।** मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। शिक्षक पात्रता परीक्षा और वरिष्ठता से जुड़े विवाद के बीच राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए में रिव्यू पिटीशन (पुनर्विचार याचिका) दायर कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश के शिक्षकों में समाधान की उम्मीद और विश्वास दोनों मजबूत हुए हैं। मुख्यमंत्री निवास में अहम बैठक, शिक्षकों के भविष्य पर मंथन बुधवार शाम करीब 7:30 बजे मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मिल मुख्य मंत्री डाक्टर मोहन यादव ने शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर तथा भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओंकृविशेष रूप से ज्ज्ज और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठताकृपर गंभीरता से चर्चा की गई। सरकार का बड़ा कदमः सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर बैठक में हुई चर्चा और शिक्षक संगठनों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले में मजबूती से अपना पक्ष रखेगी। आंदोलन पर विराम, समाधान की दिशा में बढ़ते कदम बैठक के सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद शिक्षक संगठनों ने फिलहाल आंदोलन की राह पर विराम लगाने का निर्णय लिया है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शिक्षकों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और सरकार की प्रक्रिया पर विश्वास रखें। शिक्षक संगठनों का संदेश घबराने की जरूरत नहीं: वरिष्ठता और ज्ज्ज से जुड़े मुद्दों पर शिक्षकों के हित सुरक्षित हैं। सरकार सक्रियः राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से पक्ष रख रही है। उम्मीद की किरणमध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर है और शिक्षकों की मांगों के समाधान की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर ,महामंत्री राकेश गुप्ता एवं भारतीय मजदूर संघ प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर सहित सभी पदाधिकारियों के सफल प्रयासों की सराहना करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन जिलाध्यक्ष कमलेश सेन संजय पाठक वरिष्ठ मार्गदर्शक पारस जैन मनीष भारद्वाज भागचंद जैन संदीप सोनी महेश गुप्ता श्रीमती दीपमाला जैन नीलेश जैन, नीतेश पाठक सहित जिला इकाई दमोह ने आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया।

## कलेक्टर ने फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

### *गुणवत्ता जांच के लिए एलम (फिटकरी) का सैंपल भेजने के निर्देश, पानी की टेस्टिंग सामने कराई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज आकस्मिक रूप से जल शोधन संयंत्र (फिल्टर प्लांट) पहुंचे। उन्होंने यहां का पूरा जायजा लिया, उन्होंने जल शोधन संयंत्र की पूरी बारीकी से निरीक्षण कर साफ-सुथरा सुदृण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व खासतौर पर मौजूद रहे।**

कलेक्टर श्री यादव ने कहा पानी की लैब टेस्टिंग प्रतिदिन होने के साथ ही परीक्षण उपरांत 24 घंटे वह सैंपल लैब में उपलब्ध रहे, उन्होंने कहा सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पूरी जवाबदेही से काम सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस दौरान यहां मौजूद कर्मचारियों-अधिकारियों से पेयजल व्यवस्था और पानी की आपूर्ति संचालन-संधारण के संबंध में पूरी जानकारी ली। इंजीनियर सुशील सोनी ने पूरी जानकारी दी।



### एसओपी चार्ट परिसर में लगाया जाए

कलेक्टर श्री यादव ने जल शोधन संयंत्र स्थल पर एसओपी के तहत चार्ट लगाकर यहां पूरी जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निरीक्षणकर्ता अधिकारी या निरीक्षण पर पहुंचने पर संबंधित निर्धारित मापडंडों के अनुरूप पूरी जानकारी उसे मिल जाए। चार्ट में पूरे पैरामीटर दर्शित अनिवार्य रूप से किए जाएं। सात दिन में व्यवस्था सुदृण सनिश्चित की जाए।

कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 07 दिनों के भीतर पूरे फ़िल्टर प्लांट की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मशीनों का नियमित रखरखाव और सभी निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपयोग में लाई जा रही एलम (फिटकरी) की गुणवत्ता की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने एलम सैंपल जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए और कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। "जल ही जीवन है" केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण करें और वर्षा जल संचयन जैसे उपायों को अपनाएं, ताकि भविष्य सुरक्षित और समृद्ध बनाया जा सके।

### लैब में सामने से जांच करवाई

कलेक्टर श्री यादव ने भ्रमण के दौरान यहां स्थित लैब में पानी की टेस्टिंग करवाई, उन्होंने कहा प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्धारित पंजी में दर्ज करें, साथ ही नगरपालिका अधिकारी नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

**पुनः आकर किया जायेगा निरीक्षणः** कलेक्टर ने कहा दिए गए निर्धारित समय बाद पुनः निरीक्षण किया जाएगा उन्होंने कहा साफ-सफाई सहित निर्देशित और प्रोटोकॉल अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जायें। अपने इस निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर एलम स्टोर पहुंचे और प्रभारी अधिकारी से जानकारी लेते हुए सैंपल जांच कराने के निर्देश दिए।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री शंकर तंतुवाय पिता श्री मोहन लाल तंतुवाय वार्ड क्रमांक 04 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्रं 81 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्र. 81 वार्ड क्रमांक 04 श्री नारायण तंतुवाय पिता श्री मोहन लाल तंतुवाय का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 17/04/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**